**CH. CHHABIL DASS PUBLIC SCHOOL(JUNIOR WING)**

**Annual Exam work sheet (Session: 2025-26)          Subject: Hindi**

**Class : V**

**Name:________ Sec:______**

प्रश्न १-निम्नलिखत अपठित  गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**सिया की पुस्तक मित्र योजना**

**क)सिया की चिंता**

सिया कक्षा पाँच की एक जागरूक छात्रा है, जिसे पुस्तकों से विशेष लगाव है। उसने अपनी कक्षा में यह देखा कि कई विद्यार्थी नियमित रूप से पढ़ाई नहीं करते थे, क्योंकि उनके घरों में पढ़ने के लिए पर्याप्त पुस्तकें उपलब्ध नहीं थीं। यह स्थिति सिया को चिंतित करने लगी।

**ख)सकारात्मक पहल**

समस्या पर विचार करने के बाद सिया ने एक रचनात्मक समाधान निकाला। उसने अपनी पुरानी किताबें इकट्ठा कीं और अपने सहपाठियों को भी इस पहल में शामिल किया। कक्षा में उसने एक "पुस्तक मित्र कोना" स्थापित किया, जहाँ से विद्यार्थी पुस्तकें लेकर पढ़ सकते थे। साथ ही, उसने सभी को पुस्तकों को सावधानीपूर्वक उपयोग करने की सीख दी।

**ग)परिवर्तन का प्रभाव**

सिया की इस पहल का सकारात्मक परिणाम शीघ्र ही दिखाई देने लगा। विद्यार्थी प्रतिदिन पुस्तकें पढ़ने लगे और उनमें पढ़ने की रुचि विकसित हुई। अध्यापिका ने सिया की सोच और प्रयासों की सराहना की। सिया ने यह अनुभव किया कि सामूहिक प्रयास से बड़े बदलाव संभव हैं।

प्रश्न १) निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए:

सिया किस बात को लेकर चिंतित थी?

i) विद्यार्थी खेलों में रुचि नहीं लेते थे।

ii) कक्षा में अनुशासन की कमी थी।

iii) कई विद्यार्थियों के पास पुस्तकें नहीं थीं।

प्रश्न २ ) सिया  को किससे लगाव था?

i) अपने मित्रों से

ii) पुस्तकों से

iii) अपने माता-पिता से

प्रश्न ३ ) कक्षा में "पुस्तक मित्र कोना "किसने बनाया?

I) सिया के मित्रों ने

II) सिया  ने

III) शिक्षिका ने

प्रश्न ४) गद्यांश के आधार पर सिया की दो विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न ५) यदि आप सिया की जगह होते तो आप  क्या करते?

प्रश्न ६) गद्यांश में से छाँटकर उत्तर दीजिए।

क) अनुपयोग का विलोम-

ख) जातिवाचक संज्ञा-

प्रश्न २- अपठित पढ्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

कहती है सारी दुनिया जिसे किस्मत ,नाम है उसका हकीकत ।
मेहनत जो करते हैं, खुद अपनी किस्मत रचते हैं।
वे कहे जाते हैं साहसी,
जो करते है,ईश्वर से शिकायत, वे कहे जाते हैं आलसी ।
जो, रुक गया, मिट गया उसका नामो-निशाँ।
जो चलता रहा, अपनी मंज़िल वो पा गया।
खुशी के हकदार है वही, जिन्होंने दुख को चुना
छोड़ के दामन फूलों का, काँटों की राह को चुना।
निराशा का अंधकार मिटाकर, आशा के दीप जलाओ
छोड़ भाग्य की दुहाई, अपनी किस्मत स्वयं बनाओ।

प्रश्न १ ) हकीकत में किस्मत किसे कहते है?

i)सेहत

ii) मेहनत

iii) सहमत

प्रश्न २) जो अपनी किस्मत रचते है, उन्हें क्या कहते है?

(i) साहसी

(ii) आलसी

(iii) मेहनती

प्रश्न ३) सच्ची खुशी का हकदार कौन है?

i)सुख को चुनने वाले

ii )दुख को चुनने वाले

iii)भाग्य को चुनने वाले

प्रश्न ४)कविता में आलसी किन्हें कहा गया है?

प्रश्न ५) "छोड़ भाग्य की दुहाई, अपनी किस्मत स्वयं बनाओ।" इन पंक्तियों में कवि क्या कहना चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न ६) कविता में से ढूँढ़कर उत्तर दीजिए।

क) प्रकाश का विलोम -

ख) पीड़ा का समानार्थी -

**व्याकरण**

प्रश्न ३- सही विकल्प चुनकर लिखिए-

१. भारत में <u>नदी</u> और पहाड़ हैं। वाक्य में रेखांकित शब्द में कौन- सी संज्ञा है?

क-जातिवाचक　　ख-गुणवाचक　　ग-भाववाचक

२. रमन को चुटकुला सुनकर <u>हँसी</u> आ गई। वाक्य में रेखांकित शब्द में कौन-सी संज्ञा है?

क-व्यक्तिवाचक　　ख -जातिवाचक　　ग -भाववाचक

३. माँ ने मुझे <u>दो</u> सेब दिए। रेखांकित शब्द में विशेषण का कौन-सा भेद हैं?

क-गुणवाचक विशेषण　　ख- निश्चित संख्यावाचक विशेषण　　ग) सार्वनामिक विशेषण

४.रजत तैरता है। वाक्य में कौन -सी क्रिया है?

क-अकर्मक क्रिया खख-सकर्मक क्रिया ग-कोई भी नहीं

५ -चिड़ियाँ दाना खा रही हैं। वाक्य में कौन- सी क्रिया है?

क- अकर्मक क्रिया ख-सकर्मक क्रिया ग-दोनों

प्रश्न ४) क)निम्नलिखित शब्दों के दो -दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:-

(१) रात-

(२) वन -

(३) सुबह-

(४) शरीर -

ख)- विलोम शब्द लिखिए:-

(१) हर्ष-

(२) सज्जन-

(३) स्वस्थ -

(४) संक्षेप -

ग)-अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:-

(१) ईश्वर पर विश्वास रखने वाला -

(२.) काम से जी चुराने वाला-

(३) कम बोलने वाला -

(४) जो किसी के उपकार को माने-

प्रश्न ५ (-क) निम्नलिखित वाक्य में उचित श्रुतिसम-भिन्नार्थक शब्द भरिए:-

१) माँ ने रिया को एक बड़ा_____ मंदिर में जलाने के लिए_____। ( दीया,दिया)

२) कुछ पक्षी घड़े से ______ पीकर अपने________ में चले गए। (नीड़ ,नीर)

(ख) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:-

(क) समान-

सामान-

(ख) धरा-

धारा-

रश्न ६- मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए:-

१) दाल में काला होना-

२) टका-सा जवाब देना-

३) घड़ों पानी पड़ना -

४) खरी - खोटी सुनाना -

प्रश्न ७ -निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर उनके भेद लिखिए-

क)रमन स्वयं पत्र लिख रहा है।

ख) वह मेरी कमीज़ है।

ग) जो कविता सुना रही है ,वह मेरी बहन है।

घ) दादाजी कहाँ गए थे?

प्रश्न ८-निम्नलिखित वाक्य को उचित समुच्चयबोधक शब्दों से जोड़कर वाक्य दोबारा लिखिए-

क) रोहित चिड़ियाघर घूमने जा रहा है। वह स्कूल नहीं आया।

ख) राजन सच बोलता है। वह ईमानदार है।

ग) वह घर से जल्दी निकला। वह समय पर पहुँच जाए।

प्रश्न ९-निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

क) लातों के भूत बातों से नहीं मानते-

ख) घर की मुर्गी दाल बराबर -

ग) उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे-

प्रश्न १०) उचित संबंधबोधक शब्दों द्वारा रिक्त स्थान भरिए:-

१)हम मॉल ________ घूम रहे है।

२) बंदर पेड़______ बैठा है।

३)मेरे बहुत समझाने________ भी वह नहीं माना।

प्रश्न ११)-निम्नलिखित रिक्त स्थान में उचित विस्मयादिबोधक शब्द भरिए -

क)_________ मैं भी आसमान में उड़ पाती।

ख)______कितनी गंदगी है ।

ग)________बहुत गहरी खाई है।

प्रश्न १२)- दिए गए निपात शब्दों से वाक्य बनाइए।

क) ही -

ख) मात्र -

ग) भी -

प्रश्न १३- निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-

क- आप शरबत पी लो।

ख- माँ को एक फूलों की माला दे दो ।

प्रश्न १४) निम्नलिखित वाक्य में से शब्द भेद वाले शब्द छाँटकर लिखिए-

क) - वाह ! तुमने और तुम्हारे मित्रों ने तो तुम्हारे जन्मदिन के शुभ अवसर पर मंच के ऊपर अच्छा नृत्य किया। ।

क्रियाविशेषण- निपात- संबंधबोधक- विस्मयादिबोधक-

समुच्चयबोधक-

प्रश्न १५- क)निम्नलिखित वाक्यों के काल निर्देशानुसार बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए-

१) हम ताज़महल देखने जा रहे हैं। ( भूतकाल)

२) मंत्री जी ने सभा में भाषण दिया। (भविष्यत् काल)

प्रश्न १६) अर्थ के आधार पर वाक्यों के भेद लिखिए-

१) अगर बाज़ार जाओ, तो फल ले आना।

२) शिक्षिका पाठ पढ़ा रहीं हैं।

३) कृपया पुस्तकालय में शांति बनाए रखें।

प्रश्न १७ रचना के आधार पर वाक्यों के भेद लिखिए।

क) रमन ने कठिन परिश्रम किया किंतु परीक्षा में पास नहीं हो सका।

ख) जैसे ही मैं घर से निकला वैसे ही बारिश शुरू हो गई ।

**रचनात्मक लेखन**

प्रश्न १८ अपनी कक्षा का विभाग बदलवाने के लिए प्रधानाचार्या जी को प्रार्थना पत्र लिखिए।

प्रश्न १९- आपका पैंसिल बॉक्स विद्यालय में खो गया है, उसके लिए सूचना लेखन तैयार कीजिए।

प्रश्न २०)-१००से १५० शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

" पर्यावरण संरक्षण और उसका महत्त्व "

**साहित्य**

प्रश्न २१-"क्या करता बाबूजी इसे बहुत चोट लगी है! अगर मैं न लाता तो यह मर जाता!" "अब तू इसका क्या करेगा?" "इसे पालूँगा बाबूजी," बिशन ने कहा। कर्नल साहब मुस्करा दिये। उन्होंने घायल तीतर को देखा। उसका एक पंख टूट गया था। अब शायद ही वह उड़ सके।

प्रश्न क)-"क्या करता बाबूजी इसे बहुत चोट लगी है!" अगर मैं न लाता तो यह मर जाता!"

उपरोक्त पंक्तियाँ किसने कही है?

ख)बिशन किसे पालने की बात कर रहा है?

प्रश्न २२. क) जोज़ीला पास से आगे चलकर जवाहरलाल मातायन पहुँचे तो वहाँ के नवयुवक कुली ने बताया, "शाब, सामने उस बर्फ़ से ढके पहाड़ के पीछे अमरनाथ की गुफ़ा है।"

प्रश्न १- जवाहरलाल नेहरू मातायन पहुँचने के लिए किस पास से होकर गुज़रे?

प्रश्न २- "उस" शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है?

प्रश्न २३- "बाघ आया उस रात" कविता में बच्चे बाघ के बारे में क्या-क्या जानते हैं और उन्होंने बाबा से क्या कहा?

प्रश्न २५- बिशन स्वभाव से कैसा बच्चा था ? उसकी विशेषताएँ बताते हुए स्पष्ट कीजिए ?

प्रश्न २६ इस पाठ का नाम "चुनौती हिमालय की" क्यों रखा गया स्पष्ट कीजिए ?